



# शव हाइवे पर रखकर लगाया जाम, कलेक्टर-एसपी की समझाइश पर शांत हुआ मामला

## बुधवार को थाने का किया था घेराव, संदिग्ध परिस्थितियों में हुई थी मौत, हत्या का आरोप

**नवभारत न्यूज**
**हनुमना, 11 दिसम्बर, हनुमना थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत पर परिजनो ने बुधवार को जहा थाने का घेराव किया.**

वही दूसरे दिन गुरूवार को पीएम के बाद शव को घटना स्थल एवं नेशनल हाइवे पर रखकर जाम लगा दिया. जिसके चलते घंटो जाम में वाहन फसे रहे. दरअसल परिजन हत्या का प्रकरण दर्ज करने की मांग पर अड़े थे. सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंचे कलेक्टर एवं एसपी के आश्वासन के बाद पर चकाजाम समाप्त कर लाश को अंतिम संस्कार के लिए ले गए.9 दिसंबर की रात्रि तकरीबन 8:30 बजे





हनुमना थाना क्षेत्र के ग्राम तेलिया निवासी 48 वर्षीय प्रदीप शुक्ला अपनी मोटर साइकिल से घर की ओर जा रहा था तभी वही खड़े एक ट्रैक्टर से भिड़ गया. इसके बाद उसकी मोटर साइकिल से सूरज कोल उर्फ छंगा कोल के सर में चोट लगी थी. मृतक के बेटे सत्यम शुक्ला ने बताया कि हादसे के बाद आदिवासी समाज के लोगो ने मारपीट शुरू कर दी. बताया कि वह जान बचाकर भाग खड़ा हुआ था. सुबह उसको जानकारी हुई कि पिता को पीट-पीट कर मार डाला. हत्या का प्रकरण दर्ज करने परिजन बुधवार को भी थाने का घेराव किये थे और समझाइश के बाद मामला शांत हुआ. लेकिन पीएम के बाद आज शव रखकर हाइवे जाम कर दिया.

परिजनो की मांग थी कि हत्या का प्रकरण दर्ज किया जाय. घटना स्थल पर पहुंचे कलेक्टर संजय जैन और एसपी दिलीप सोनी ने समझाइश दी और निष्पक्ष विवेचना का आश्वासन दिया और कहा कि पीएम रिपोर्ट आ जाय. जो भी तथ्य सामने आएगे उसके आधार पर कार्यवाही होगी, किसी को नही बक्सा जाएगा. जो भी जांच में तथ्य आएगे उसे ध्यान में रखकर पूरी कार्यवाही का आश्वासन दिया गया.



# खरीदी केन्द्र का निरीक्षण करने पहुंचे विधायक ने किसानों से किया संवाद

**नवभारत न्यूज**
**चाकघाट, 11 दिसम्बर, त्योंथर विधानसभा के विभिन्न खरीदी केंद्रों में क्षेत्रीय विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने औचक निरीक्षण किया.**

इस दौरान उन्होंने धान बेचने पहुंचे किसानों से संवाद कर उनकी स्थिति जानी और खरीदी केंद्रों की व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया. विधायक ने कलेक्टर रीवा से दूरभाष पर चर्चा कर समस्त खरीदी केंद्रों में पर्याप्त वरदानों की उपलब्धता के साथ ही खरीदी हुई धान का परिवहन समय सीमा पर सुनिश्चित करने के लिए कहा. किसानों से संवाद के पश्चात विधायक ने खरीदी केंद्र में मौजूद अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए है कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए. किसानों को सभी सुविधाएं समय पर एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराई जाए एवं किसानों को अनावश्यक प्रतिक्षा न करनी पड़े,किसानों को बैठने एवं पेयजल की व्यवस्था भी कराई जाए. उन्होंने कहा कि यदि खरीदी केंद्रों में लापरवाही बरती गई तो सख्त कार्यवाही कि जाएगी.

विधायक ने किसानों को भरोसा दिलाया कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है.

# नईगढ़ी नगर परिषद में सियासी घमासान

**नवभारत न्यूज**
**नईगढ़ी, 11 दिसम्बर, मऊगंज जिले की नईगढ़ी नगर परिषद में पिछले दो-तीन महीनों से जारी सियासी घमासान अब और गहरा गया है. नगर परिषद अध्यक्ष नागिता गुप्ता के खिलाफ 15 में से 12 पार्षदों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव दायर किए जाने के बाद अब चोरी-छिपे गठित नई पीआईसी यानी स्थाई समितियों ने विवाद को और हवा दे दी है.**

अब सब की निगाहे अविश्वास प्रस्ताव पर टिकी हुई है. बता दे कि अध्यक्ष द्वारा गठित नई पीआईसी में उपाध्यक्ष विभा शर्मा, रतनलाल मिश्र, प्रियंका सिंह पटेल, रामा आदिवासी और समयलाल साकेत को शामिल किया गया था. लेकिन जानकारी मिलते ही राजनीतिक पारा चढ़ गया. बताया गया कि उपाध्यक्ष विभा शर्मा ने पीआईसी की सदस्यता स्वीकार करने में



असमर्थता जताई. उनके पास मंडल अध्यक्ष पद के साथ दो विद्यालयों के संचालन की जिम्मेदारी है, जिसके चलते वे समिति को आवश्यक समय नहीं दे सकतीं. इधर पार्षद रामा आदिवासी और समयलाल साकेत ने भी नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर समिति से त्यागपत्र दे दिया. तीन सदस्यों के हटने के बाद पीआईसी की कार्यप्रणाली पूरी तरह प्रभावित हो गई है और परिषद का कामकाज लगभग ठप पड़ा है. पार्षद महेश पटेल ने कहा कि जिस अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लंबित हो, उनकी मौजूदगी में बैठक कराना उचित नहीं है. पार्षदों की मांग है कि बैठक अध्यक्ष कक्ष की बजाय सभागार में कराई जाए और अध्यक्षता किसी अन्य पार्षद को सौंपी जाए. पूर्व पार्षद शीतला प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि यदि 15 में से 12 पार्षद अध्यक्ष के विरोध में खड़े हैं, तो उन्हें स्वयं पद छोड़ देना चाहिए. उन्होंने सरकार से इस मामले में संज्ञान लेकर नए अध्यक्ष के गठन की प्रक्रिया की मांग की.

# मऊगंज की जिला कौशल समिति गठित

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 11 दिसम्बर, मऊगंज जिले में उद्योगों तथा औद्योगिक क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए जिला कौशल समिति का गठन किया गया है. कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन को समिति का पदेन अध्यक्ष बनाया गया है.**

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी समिति के सचिव बनाए गए हैं. जारी आदेश के अनुसार समिति में सदस्य के रूप में महाप्रबंधक उद्योग, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, उप संचालक कृषि, सहायक संचालक उद्यानिकी, मंडल संयोजक जनजातीय कार्य विभाग तथा जिला रोजगार अधिकारी को शामिल किया गया है.

समिति में परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण, सहायक संचालक पिछड़ावर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, अग्रणी बैंक प्रबंधक, ग्रामोद्योग अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भी सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं. समिति में जिला श्रम अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य आईटीआई तथा उप संचालक सामाजिक न्याय को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है.

कलेक्टर ने औद्योगिक क्षेत्र के तीन प्रतिनिधियों उमेश त्रिपाठी मातृ छाया इंटरप्राइजेज, विक्रांत द्विवेदी रमा शिव इंडस्ट्रीज तथा लालजी गुप्ता आरएसआरएल उद्योग को सदस्य मनोनीत किया है. कलेक्टर ने समिति में अपर कलेक्टर, एसडीएम मऊगंज तथा तहसीलदार मऊगंज को भी मनोनीत सदस्य के रूप में शामिल किया है.

## अस्पताल का बीएमओ की जगह आरएमओ को जिम्मेदारी

मऊगंज, 11 दिसम्बर, जिले में गरीब बेवश लाचार आमजनता की भलाई में भगीरथ की भूमिका में मऊगंज कलेक्टर के फिर एक बार सख्त तेवर देख जिला स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा. जहां पर मैहर जिले की तरह जिले के सबसे बड़े सिविल अस्पताल में चिकित्सकीय व्यवस्था के सुचारू रूप संचालन हेतु डॉ रूपेश वर्मा (चिकित्सा अधिकारी) को आर.एम.ओ. का प्रभार सौंपा गया है, इस प्रकार से कलेक्टर द्वारा भ्रस्ट व्यवस्था के सुधार के लिए डिप्टी कलेक्टर पवन गुरैया को निगरानी करने का जिम्मा सौंपा गया इस दौरान कई दफा उन्होंने कर्तव्यों के प्रति काफी सजगता को प्रदर्शित करते हुए अपनी काबिलियत का परिचय दिया है.

ऐसे में सिविल अस्पताल में आरएमओ की नियुक्ति से बीएमओ की मनमानी पर ना सिर्फ लगाम लगेगी बल्कि व्यवस्था बनेगी.



मतदाता सूची को लेकर अधिकारियों की बैठक लेती कलेक्टर प्रतिभा पाल

# त्रि-स्तरीय पंचायतों एवं नगरीय निकाय के उप निर्वाचन के लिए आदर्श आचरण संहिता लागू

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 11 दिसम्बर, त्रि-स्तरीय पंचायतों एवं नगरीय निकाय के उप निर्वाचन 2025 को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष संपादित करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा संबंधित पंचायत एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता तत्काल प्रभाव से प्रभावशील हो गयी है.**

जिला रीवा के पंच पद के लिए जनपद पंचायत रीवा अन्तर्गत ग्राम पंचायत करहिया नं. 2 के वार्ड नंबर 7 एवं 15, जनपद पंचायत सिरमौर के ग्राम पंचायत अटरिया के वार्ड क्रमांक 15, ग्राम पंचायत बीड़ा के वार्ड क्रमांक 4 एवं ग्राम पंचायत बड़ी हर्रई के वार्ड क्रमांक 6, जनपद पंचायत जवा के ग्राम पंचायत सोहावल खुर्द के वार्ड क्रमांक 3, ग्राम पंचायत देवरी के वार्ड क्रमांक 6, ग्राम पंचायत पथरौड़ा के वार्ड क्रमांक 14, ग्राम पंचायत कसियारी के वार्ड क्रमांक 5, ग्राम पंचायत पैरा के वार्ड क्रमांक 3 तथा जनपद त्योंथर अन्तर्गत ग्राम पंचायत रिसदा के वार्ड क्रमांक 4 व ग्राम पंचायत घूमा के वार्ड क्रमांक 4 में निर्वाचन संपन्न होगा.

इसी प्रकार सरपंच पद के लिए जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान अन्तर्गत ग्राम पंचायत जरहा एवं जनपद गंगेव अन्तर्गत ग्राम पंचायत महमूदपुर में निर्वाचन कराया जायेगा. जबकि जिला पंचायत के सदस्य के लिए वार्ड क्रमांक 16 में निर्वाचन होगा. नगर परिषद सेमरिया के वार्ड क्रमांक 3 में पार्षद पद के लिए भी उप निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न कराई जायेगी. कलेक्टर एवं दण्डाधिकारी ने संबंधित क्षेत्रों में अवैध रूप से सशस्त्र एवं बारूद्ध रखने वाले, विस्फोटक पदार्थों के भण्डारण आदि अवैध गतिविधियों में संलग्न तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं. मतदाताओं को मतदान केन्द्रों तक सवारी गाड़ी से ले जाने को भी अपराध माना जायेगा.

# मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का काम शीघ्र पूरा करें : प्रतिभा पाल

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 11 दिसम्बर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बाणसागर सभागार में आयोजित गूगल मीट के माध्यम से मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण की समीक्षा की.**

कलेक्टर ने कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य आज ही पूरा करें. मृत मतदाता, स्थाई रूप से शिफ्टेड तथा शेष मतदाताओं की सूची उपलब्ध है. पिता के नाम की स्पेलिंग अथवा सरनेम के कारण मिसमैच मतदाताओं की जानकारी भी बीएलओ ऐप के नए माड्यूल में उपलब्ध है. सभी रिटर्निंग आफीसर बीएलओ की बैठक करके ऐप के माध्यम से मतदाताओं की जानकारी ठीक कराएं. कई मतदाताओं के नाम के साथ 2025 की सूची में सरनेम दर्ज है. जबकि 2003 की सूची में उनके या उनके माता-पिता के नाम के साथ सरनेम दर्ज न होने से उन्हें ऐप मिसमैच दिखा रहा है. इन्हें ठीक करने की सुविधा उपलब्ध है. प्रत्येक मतदान केन्द्र में ऐसे मतदाताओं की संख्या 50 से अधिक नहीं होगी. इस कार्य को तत्परता से पूरा कराएं. कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में शेष बचे किसानों की फार्मर रजिस्ट्री दो दिवस में अनिवार्य रूप से करा दें. सभी तहसीलदार पटवारियों को किसानों की सूची देकर ऑनलाइन ई केवायसी दर्ज कराएं. किसान यदि किसान सम्मान निधि की राशि ले रहा है लेकिन ई केवायसी नहीं करा रहा है तो 14 दिसम्बर के बाद उसका नाम पोर्टल से पृथक करें. वीडियो कान्फ्रेंसिंग में जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस आशीष दुबे शेष मतदाताओं के सत्यापन की प्रक्रिया की बिन्दुवार जानकारी दी.

बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर बेक उपस्थित रहे. सभी रिटर्निंग आफीसर तथा सहायक रिटर्निंग आफीसर गूगल मीट से बैठक में शामिल हुए.

# गैस रिफीलिंग में मनमानी का उपभोक्ताओं ने लगाया आरोप

**नवभारत न्यूज**
**हनुमना, 11 दिसम्बर, मऊगंज जिले के खटखरी ग्राम पंचायत निवासी सूर्यमणि उपाध्याय ने बताया कि खटखरी ग्राम पंचायत में राणा एचपी गैस एजेंसी ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी द्वारा आज सुबह राणा एचपी गैस एजेंसी संचालक के पास गैस रिफिल लेने गए.**

हमें वापस कह कर बैरंग लौटा दिया गया. दुकान में जाओ तो मैं दुकान गया तो दुकान में ताला लटका हुआ था सूर्यमणि उपाध्याय ने यह आरोप लगाया कि जिनकी पहुंच है उन्हे गैस मिल जाती है. क्या अगर किसी को अर्जेंट गैस की जरूरत हो तो उसे उपभोक्ता को गैस नहीं मिल सकती सूर्यमणि उपाध्याय ने बताया कि आज सुबह लोड गाड़ी गैस की मेरे सामने गोदाम में खाली किया गया.

दूसरे ग्राहक को दिए किंतु मेरे घर में गैस रिफिल खत्म हो चुका था मेरे द्वारा राणा एचपी गैस एजेंसी संचालक से कई बार निवेदन किया गया उसके बावजूद इनके द्वारा मुझे गैस रिफिल के लिए यहां से वहां आज से कल बोलकर मुझे बहुत प्रताड़ित किया गया और अपमानजनक शब्द का भी प्रयोग किया गया उपाध्याय ने आरोप लगाया है कि राणा गैस संचालक द्वारा गैस रिफिल ब्लैक मैं बिक्री करने का भी आरोप लगाया गया है राणा एचपी गैस एजेंसी द्वारा खटखरी में खुले आम होटल एवं रेस्टोरेंट ठेले वालों को डोमेस्टिक लाल सिलेंडर इस्तेमाल करने के लिए निर्धारित रेट से ज्यादा दामों में बिक्री किया जाता है खड़खड़ी के ग्रामीणों ने यह भी बताया कि गैस एजेंसी संचालक के व्हाट्सएप में 200, 400 कंज्यूमर नंबर रखे रहते हैं.

# नगर परिषद कर्मचारियों को तीन महीना से नहीं मिला वेतन

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 11 दिसम्बर, समस्त नगर परिषद जिला मऊगंज के कर्मचारियों का तीन महीना से वेतन न मिलने से उनके परिवार में कोहराम मचा हुआ है.**

वहीं कर्मचारी अपने कार्यरत में बराबर सेवा नगर परिषद का दे रहे हैं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार की विभागीय अधिकारी द्वारा कर्मचारियों का वेतन दूसरे मध्य में खर्च कर दिए हैं विभागीय कर्मचारियों द्वारा आने जाने का खर्चा भी उनके पास वेतन न मिलने के वजह से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वहीं सफाई कर्मी द्वारा लगाया गया आआरोप की तीन महीना से वेतन रोका गया है अभी तक किसी भी कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है.

समस्त कर्मचारियों ने जिला कलेक्टर संजय जैन से मांगे की है की तत्काल वेतन बहाल करने की आदेश नगर परिषद अधिकारी को किया जाए. वेतन न मिलने से नगर परिषद के कर्मचारी परेशान है, कई बार शिकायत की, फिर भी कुछ नही हुआ.

# डिहिया नहर में मिली किराना व्यापारी की लाश

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 11 दिसम्बर, गोविंदगढ़ से लापता हुए किराना व्यापारी का शव आज डिहिया नहर में देखा गया है. नहर में युवक का शव मिलने की खबर फैलते ही इलाके में हड़कंप मच गया है और देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई है.**

फिलहाल शव की पहचान रीवा शहर के ही समान थाना क्षेत्र शारदा पुरम निवासी रवि पटेल पिता मुन्नालाल पटेल के रूप में की गई है जो मोहल्ले में ही किराने की दुकान संचालित करता था और वह 3 दिन पूर्व घर से निकलने के बाद लापता हो गया था. परिजनों की माने तो युवक अपनी पल्सर बाइक लेकर घर से निकला था लेकिन बाइक का अब तक कोई पता नहीं चला है जिसे लेकर परिजन द्वारा हत्या का संदेह भी जाहिर किया जा रहा है.

वही मौके पर मृतक की चप्पल और जैकेट भी पड़ी मिली है, लेकिन युवक की बाइक अभी गायब है. फिलहाल गोविंदगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची है और रेस्क्यू कर शव को नहर से बाहर निकलवाने का प्रयास कर रही है. दरअसल यह घटना गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम डिहिया स्थित नहर की बताई गई है.

जहां आज सुबह नहर के पानी में एक लाश तैरती देखी गई है. बताया जा रहा है कि नहर में मिली लाश रीवा शहर के समान थाना क्षेत्र शारदा पुरम निवासी रवि पटेल की है जो बीते 8 दिसंबर को लापता हुआ था. हालांकि युवक की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है, यह साफ नहीं हो सका है. पुलिस फिलहाल मौके पर मौजूद है और शव को निकलवाने का प्रयास कर रही है.

# चिकित्सा शिविर में 404 ग्रामीणों का हुआ परीक्षण

## सासन गांव में विंध्याचल का चिकित्सा शिविर आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**विंध्यनगर 11 दिसम्बर। एनटीपीसी विंध्याचल ने सामुदायिक कल्याण के प्रति अपनी सतत प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए सासन गाँव में सफलता पूर्वक चौथे चिकित्सा शिविर का आयोजन किया।**

इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना, आम चिकित्सकीय समस्याओं का समाधान करना तथा निवारक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना था। इस पहल के तहत कुल 404 ग्रामीणों ने लाभ प्राप्त किया, जिसमें 167 पुरुष और 237 महिला लाभार्थी शामिल रहे। शिविर के दौरान प्रत्येक उपस्थित व्यक्ति की जाँच, परामर्श एवं



प्राथमिक उपचार सुनिश्चित किया गया। चिकित्सा टीम का नेतृत्व डॉ. मयूराक्षी भराली प्रबंधक, डॉ शिवरतन मेहता अधिकारी द्वारा किया गया, जबकि निखिल जायसवाल कार्यकारी ने आयोजन को सुचारू रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह जन-स्वास्थ्य सेवा अभियान एनटीपीसी विंध्याचल के आसपास स्थित गाँवों में स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुँच बढ़ाने के व्यापक सीएसआर प्रयासों का एक हिस्सा है, जो एक स्वस्थ एवं जागरूक समुदाय के निर्माण के लक्ष्य को मजबूत करता है।

# आज से दाखिल होंगे उप निर्वाचन के नामांकन पत्र

## मतदान 1 जनवरी को, मतगणना 3 जनवरी को, नपानि वार्ड-34 में होगा पार्षद चुनाव

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 11 दिसम्बर। म.प्र. नगर पालिक अधिनियम 1956 की धारा 14 (1) एवं म.प्र. नगर पालिक अधिनियम 1961 की धारा 32 (1)द्वारा प्रदत्त शक्तियो का प्रयोग करते हुये म.प्र. नपानि अधिनियम 1956 की धारा 20 (2)(क)तथा म.प्र. नगर पालिक निगम अधिनियम 1961 की धरा 36 (2)(क) एवं म.प्र. नपानि अधिनियम 1994 के नियम 21 की आपेक्षा अनुसार राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नपानि सिंगरौली के वार्ड क्रमांक 34 पार्षद पद के उप निर्वाचन 2025 उत्तरा के लिए निम्नानुसार संशोधित समय अनुसूची विहित किया गया है।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव बैनल द्वारा अवगत कराया गया है कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा संशोधित समय अनुसूची कार्यक्रम के तहत निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करना तथा सीटो के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन मतदान केन्द्रो के सूची का प्रकाशन कल दिन शुक्रवार 12 दिसम्बर को प्रात: 10:30 बजे नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख 19 दिसम्बर को प्रात: 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्रो की समवीक्षा जॉच 20 दिसम्बर को प्रात: 10:30 बजे से अभ्यर्थियों द्वारा नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 22 दिसम्बर को निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यार्थियों की सूची तैयार करना और निर्वाचन प्रतीको का आवंटन 22 दिसम्बर अभ्यार्थिता से नाम वापसी के ठीक बाद।

मतदान यदि आवश्यक हो तो 1 जनवरी 2026 को प्रात: 7 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक मतगणना और निर्वाचन परिणामो की घोषणा 3 जनवरी 2026 को प्रात: 9 बजे से की जायेगी।

## कुंदवार में बोरी बंधान कार्यक्रम हुआ

देवसर 11 दिसम्बर। म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा संचालित जल संचय अभियान अंतर्गत विकासखंड देवसर के सेक्टर धौहनी के कुंदवार में बोरी बंधान कार्यक्रम किया गया, जिसमें विकासखंड समन्वय प्रभु दयाल दहिया नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि परामर्शदाता तथा प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारी ग्रामीण जन मौजूद रहे। जल संरक्षण और जल संवर्द्धन को लेकर 15 नवम्बर से 30 दिसम्बर तक जल संचय अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में परिषद द्वारा गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सदस्य, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि, सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राएं, मेंटर्स, स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधि सामूहिक रूप से सहभागिता करेंगे।